# 35 .6 किमी लंबा भोपाल-पश्चिमी बायपास ढाई साल में बनेगा

- लोनिवि की समीक्षा के दौरान दी गई जानकारी
- सीएम ने रिंग रोड्स के काम में तेजी लाने के दिए निर्देश




**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. 35.6 किमी लंबे भोपाल-पश्चिमी बायपास को अगले ढाई वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य है. इसी तरह जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन का रिंग रोड आगामी डेढ़ वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा. प्रदेश के अन्य मध्यम छोटे शहरों जैसे रतलाम, देवास, सागर, सतना, रीवा और कटनी जहां यातायात का दबाव बढ़ रहा है, वहां नये रिंग रोड के निर्माण की पहल की गई है. नगर निगम और अन्य एजेंसियों से समन्वय कर विद्यमान बायपास को रिंग रोड में परिवर्तित करने की योजना पर कार्य हो रहा है.**

यह जानकारी गुरुवार को मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में प्रजेंटेशन के दौरान प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने दी. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के बड़े नगरों में निर्मित किए जा रहे रिंग रोड्स के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए.

सीएम ने कहा है कि प्रदेश में तेजी से निर्मित हो रही सड़कें नागरिकों को विकास का पूरा लाभ दिलवाने में सहयोगी हैं. इनसे 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों भोपाल और इंदौर-उज्जैन की अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है. भविष्य में जबलपुर और ग्वालियर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भी अधोसंरचना विकास के प्रयासों से लाभान्वित होंगे. इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन, उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाई वे फोर लेन, इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड हाईवे फोर लेन बन जाने से यह सम्पूर्ण क्षेत्र विकास के नए आयामों को स्पर्श करेगा. सीएम ने निर्देश दिए कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सिंहस्थ 2028 के कुछ माह पूर्व ही सड़कों के निर्माण कार्य पूरे किए जाएं.

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में वर्तमान में 481 ब्लैक स्पॉटस चिन्हित हैं. ब्लैक स्पॉटस का समाधान करते हुए रोड सेफ्टी के तहत स्कूल जोन में वाहनों की गति सीमित करने, विशेष चेतावनी संकेत लगाने, वाहनों की आवाजाही को स्पष्ट दिशा संकेतक देने, लेन अनुशासन मार्किंग, रोड मार्किंग जैसे उपाय किए गए.बताया गया कि सड़क विकास निगम के तहत 16 और एनएचएआई के तहत 25 आरओबी एवं आरयूबी मंजूर किए गए हैं. प्रदेश में एलिवेटेड कॉरिडोर के माध्यम से शहरी कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाया जा रहा है. जबलपुर में यह कार्य पूरा हो चुका है. ग्वालियर और भोपाल में तीन चौथाई कार्य पूर्ण हो चुका है. इंदौर और उज्जैन में कॉरिडोर के कार्य प्रारंभ हुए हैं.

### प्रगति पथ प्रगति में होंगे सहायक

प्रमुख सचिव ने बताया कि प्रदेश में छह प्रगति पथ निर्माणाधीन हैं। इनमें नर्मदा प्रगति पथ और मालवा-निमाड़ विकास पथ के कार्य क्रमश: 68 और 92 प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं. मध्यभारत विकास पथ का कार्य 61 प्रतिशत, बुंदेलखण्ड विकास पथ का कार्य 33 प्रतिशत पूर्ण हुआ है. विंध्य एक्सप्रेस-वे का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है. अटल प्रगति पथ के निर्माण के लिए आवश्यक प्रकिया प्रचलन में है.

### मप्र दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में लंबी छलांग के लिए तैयार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मप्र को मिल्क कैपिटल बनाने के प्रयास फलीभूत होने लगे हैं. समन्वित प्रयासों से मप्र दुग्ध उत्पादन बढ़ाते हुए लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है. प्रदेश में प्रतिदिन 9 .67 लाख किलोग्राम औसत दुग्ध संकलन की उपलब्धि दर्ज हुई है. यह गत वर्ष से 11 प्रतिशत अधिक है. इस उपलब्धि को निरंतर बढ़ाना है.मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में पशुपालन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे. बैठक में बताया गया कि गत छह माह में 11 लाख किलोग्राम से अधिक औसत प्रतिदिन दुग्ध संकलन हुआ है. दुग्ध संघों ने दुग्ध उत्पादक किसानों को गत वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत से अधिक राशि का भुगतान किया है.

### जैविक खेती के अध्ययन के लिए दंतेवाड़ा जाएगा मप्र का दल

**भोपाल, 21 मई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जाये. छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में भी जनजातीय कृषकों द्वारा जैविक खेती की जा रही है. इसका अध्ययन करने के लिए मप्र से दल भेजा जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में यह बात कही. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों, आश्रम और छात्रावासों में शिक्षा और रहन सहन की गुणवत्ता बेहतर करें. जनजातीय क्षेत्रों में परंपरागत सामाजिक मूल्यों के संरक्षण और समग्र विकास के लिए समाजसेवी संगठनों का भी सहयोग लें. जनजातीय क्षेत्र में शासन के विभिन्न विभाग मिलकर कार्य करें. कन्वर्जेंस से जन सुविधाओं का विकास सुनिश्चित किया जाये. जनजातीय समाज में पशुपालन को बढ़ावा दें और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में इनका सहयोग ले. बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, भारिया और सहारिया के समग्र विकास के लिए सतत् कार्य करने के निर्देश दिए.

# 4 स्वर्ण पदक जीतकर आरक्षक चौहान ने बढ़ाया प्रदेश का मान

- वल्ड्र्स मास्टर्स पावर गेम्स-2026
- डीजीपी कैलाश मकवाणा ने दी बधाई



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 21 मई. मध्यप्रदेश पुलिस के आरक्षक सौदान सिंह चौहान ने गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 'वल्ड्र्स मास्टर्स पावर गेम्स-2026' में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है.**

उज्जैन जिला पुलिस में पदस्थ आरक्षक सौदान सिंह चौहान ने 13 से 16 मई तक मडगांव, गोवा में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया.मास्टर्स गेम फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जहां चौहान ने अपनी शक्ति, अनुशासन और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.

उनकी इस उपलब्धि पर पुलिस विभाग में खुशी का माहौल है.पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने सौदान सिंह चौहान को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस जवानों की ऐसी उपलब्धियां विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने के साथ युवाओं को खेल और फिटनेस के प्रति प्रेरित करती हैं. अधिकारियों के अनुसार, चौहान की सफलता मध्यप्रदेश पुलिस में विकसित हो रही खेल संस्कृति का प्रतीक है.विभाग लगातार अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को शारीरिक दक्षता तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करता रहा है. प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर सौदान सिंह चौहान ने यह साबित किया कि मध्यप्रदेश पुलिस के जवान केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि खेलों में भी अपनी विशेष पहचान स्थापित कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं.


**कार्यालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल**
**क्रमांक-1 म.प्र. प्लाट नं. 76 अरेरा हिल्स भोपाल म.प्र.**

जावक क्रमाक 1041 परिवाद क्र. 04/2026
पेशी दि.-22/06/2026

श्रीमती अर्चना सुरजिया..........................परिवादी

विरुद्ध

श्री राम सिंह प्रो.मेसर्स आर.एस.आर. हाउसिंग एंड कन्स्ट्रक्शन प्रा.लि. व अन्य.......अनावेदक/विपक्षी


प्रति, श्री राम सिंह प्रो. मेसर्स आर.एस.आर. हाउसिंग एंड कन्स्ट्रक्शन प्रा.लि.पता-ई-8, एक्सटेंशन आकृति ईको सिटी के पीछे, मिसरोद जिला भोपाल मोबाइल नं. 9893034977

श्रीमती अर्चना सुरजिया ने आपके विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019, की धारा 35 के अंतर्गत, परिवादपत्र दायर किया है। आप इस आयोग में दिनांक 22.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं/अधिकृत व्यक्ति/अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर परिवादपत्र एवं दस्तावेजों की प्रति प्राप्त कर परिवाद का उत्तर पेश करें, जिन पर आप अपनी प्रति रक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होते हैं या उपस्थित होकर अपने मामले का कथन पेश नहीं करते हैं, तो परिवाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा । आज दिनांक 18.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पीठ की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग,भोपाल म.प्र.**


# अवसाद से लड़ने एप की मदद ले रहे 1 लाख से अधिक लोग

- जीवनशैली में बदलाव, स्क्रीन टाइम को कम करने सुझाव ले रहे



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 21 मई मानसिक और भावनात्मक असंतुलन से जुड़ी गंभीर समस्याएं, जीवनशैली में बदलाव, स्क्रीन टाइम को सीमित करने, घबराहट, डर और तनाव सहित मोबाइल की लत, इन्टरनेट से दूरी बनाने को लेकर लोग मनहित एप से सुझाव और परामर्श ले रहे है. मन की स्थिति और तनाव से घिरते नागरिकों के लिए मनहित एप जीवन में एक साथी की तरह मददगार साबित हो रहा है.**

मप्र स्वास्थ्य विभाग की जनवरी 2024 में शुरू की गई इस डिजिटल पहल को अब 1 लाख 1 हजार से अधिक लोगों ने डाउनलोड कर लिया है. जिसमें 90 प्रतिशत लोग मप्र से हैं. विशेषज्ञों के अनुसार मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए लोग अब एप का सहारा लेकर भागदौड़ भरी जिंदगी से तनाव और अवसाद को कम करने में मदद ले रहे हैं. बता दें एप पूरी तरह से नि:शुल्क है. जिसमें लोग मानसिक और भावनात्मक असंतुलन से जुड़ी गंभीर समस्याएं, जीवनशैली में बदलाव, स्क्रीन टाइम को सीमित करने, घबराहट, डर और तनाव सहित मोबाइल की लत, इन्टरनेट से दूरी बनाने को लेकर सुझाव और परामर्श ले रहे हैं. कोई भी नागरिक गूगल प्ले स्टोर से मनहित एप को नि:शुल्क डाउनलोड कर सकता है. जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दर्ज कर परामर्श की शुरुआत कर सकता है.

### कैसे सहायक है तनाव में एप

- लोग योग्य मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सकों से संपर्क कर सकते हैं. 24 घंटे परामर्श सुविधा के साथ मानसिक स्वास्थ्य में आ रहे उतार चढ़ाव के दौरान विशेषज्ञों से बात कर सकते हैं.
- एप के माध्यम से टेलीमानस से जुड़कर मनोचिकित्सक से सीधे कॉल और वीडियो कॉल पर सहयोग ले सकते हैं.
- गोपनीयता की सुरक्षा के साथ मानसिक स्थिति को साझा करने के लिए संकोच की आवश्यकता नहीं है.
- एप में तनाव प्रबंधन के तरीके और मानसिक मजबूती के लिए दैनिक सुझाव दिए गए हैं.



मानसिक स्वास्थ्य के लिये लोगों को जागरुक रहना चाहिये. इसके माध्यम से लोग स्वयं की स्क्रीनिंग करके समझ सकते हैं कि वो तनाव में हैं या नहीं,जिसके बाद उन्हें जरूरी सुझाव दिया जायेगा. इसमें 8 सेक्शन हैं जिसके तहत जागरूकता विडियो से लेकर मनकक्ष, टेलीमानस, गतिविधियां और कुछ क्विज भी दिये गये हैं जहां मेंटल हेल्थ के बारे में सही गलत की जानकारी ला जा सकती है.

**शरद तिवारी, राज्य नोडल अधिकारी, एनएचएम**


## नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व का नाम BILKEES BEE था उसे मैंने परिवर्तित कर अपना नवीन नाम BILKISHJAHAN कर लिया है अतः मुझे BILKISHJAHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए ।

ADDRESS : WARD NO.19, SIRASPURA GANJ BASODA, VIDISHAM.P.

## नाम परिवर्तन

मैं शेख अलीम उद्दीन आत्मज श्री शेख सिराज उद्दीन निवासी मकान नं. डी सेक्टर फिरदौस नगर भोपाल म.प्र. सूचित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नं. K7169719 मैं मेरा नाम त्रुटिवश अलीम उद्दीन दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम शेख अलीम उद्दीन SHEIKH ALEEM UDDIN है पासपोर्ट मे सही नाम दर्ज किया जाए इसी नाम से जाना पहचाना जाए।



## कब्जा नोटिस

जबकि, IIFL-HFL ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (54 ऑफ 2002) (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत तथा उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए, ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता, गारंटर, बंधककर्ता को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया, जिसका विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है और इसके बाद, IIFL-HFL ने दिनांक 29-दिसंबर-2025 के असाइनमेंट समझौते के माध्यम से, IIFL-HFL बैंक द्वारा उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को दी गई सुविधाओं से उत्पन्न उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा देय ऋणों के संबंध में अपने सभी अधिकार, स्वामित्व, हित और लाभ, साथ ही अंतर्निहित अचल संपत्ति, फीनिक्स आर्क लिमिटेड (पूर्व में फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को सौंप दिए हैं, जो फीनिक्स ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रहा है - ट्रस्ट एफवाय 26-14

(फीनिक्स) सुरक्षा रसीद धारकों के लाभ के लिए. अत:, उक्त आवंटन के मद्देनजर, फीनिक्स अब IIFL-HFL के स्थान पर प्रतिस्थापित हो गया है और फीनिक्स उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार के विरुद्ध सभी प्रकार की कार्यवाही शुरू करने/जारी रखने तथा वित्तीय दस्तावेजों के अंतर्गत अपने अधिकारों और लाभों को लागू करने का हकदार होगा, जिसमें उधारकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा ली गई वित्तीय सुविधाओं के लिए निष्पादित और निर्मित गारंटी और सुरक्षा हित को लागू करना भी शामिल है.

ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार द्वारा उक्त राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित अचल संपत्ति पर 'जैसा है, जहां है और जो कुछ भी है' के आधार पर नीचे उल्लिखित तिथि से कब्जा कर लिया है.

| देनदारों / सहदेनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया.... रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री धनीराम सेन, श्रीमती क्रांति सेन (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10270937) | यूनिक संख्या 174, मंजिल संख्या 0, ईडब्ल्यूएस विंग्स, ब्लॉक ए, बीएमसी कोकता, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462022 स्थित संपत्ति क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: विक्रय योग्य क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल: 377 .00, 377 .00 | रुपये 448157/- (रु. चार लाख अड़तालीस हजार एक सौ सत्तावन मात्र) | 04-12-2025 | 19-05-2026 |
| श्री बलराम सारथे श्री विशाल सारथे श्रीमती रेखा बाई सारथे (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10284426) | प्लॉट संख्या 40, डायवर्टेड खसरा संख्या 26/4, मौजा डोंगरी, पीएचएन 17, वार्ड संख्या 14, नर्मदापुरम, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, भारत, 461001 का पूरा हिस्सा. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफल: 875 .00, 875 .00, 817 .50 | रुपये 1602734/- (रु. सोलह लाख दो हजार सात सौ चौंतीस मात्र) | 08-10-2025 | 19-05-2026 |
| श्री मोहन राय श्रीमती लाडबाई (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10344473) | यूनिक संख्या 28, मंजिल संख्या 0, 1, 1 बीएचके ईडब्ल्यूएस ब्लॉक, पीएमएवाई परियोजना हिनोतिया आलम, पीएमएवाई के अंतर्गत सभी के लिए आवास खसरा संख्या 19, 457 और 458, हिनोतिया आलम गांव, भोपाल 462042 में स्थित भूमि का वह भूखंड. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: विक्रय योग्य क्षेत्र, कालीन क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल: 377 .00, 377 .00 | रुपये 503576/- (रु. पांच लाख तीन हजार पांच सौ छिहत्तर मात्र) | 04-12-2025 | 19-05-2026 |
| सुश्री अनीता बाई लॉट श्रीमती गौरव राज लॉट (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10483433) | प्लॉट नंबर A6, शुभालय ग्रीन सिटी कॉलोनी, सांखेड़ा नाका, गैलेक्सी गार्डन के सामने, इटारसी, तहसील इटारसी, जिला होशंगाबाद 461111 का पूरा हिस्सा. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल: 1463 .36 वर्ग फुट | रुपये 2452957/- (रु. चौबीस लाख बावन हजार नौ सौ सत्तावन मात्र) | 11-11-2025 | 19-05-2026 |
| श्री संदेश दानोसिया श्रीमती मीनाक्षी दानोसिया संदेश डेंटिंग पेंटिंग (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10496699) | खसरा संख्या 38/12, पीएच संख्या 17, वार्ड 22, अभिषेक नगर, होशंगाबाद, तहसील एवं जिला- होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, भारत, पिन 461001 का पूरा भूखंड. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 950 .00, 800 .00, 900 .00 | रुपये 1647786/- (रु. सोलह लाख सैंतालीस हजार सात सौ छियासी मात्र) | 13-10-2025 | 19-05-2026 |
| श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव श्रीमती पान बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10624569) | क्रम संख्या 217/1/3/4, ग्राम राजोदा, तहसील बासौदा, विदिशा, मध्य प्रदेश, 464221 में स्थित एक भूखंड का वह भाग क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: क्षेत्रफल क्षेत्रफल: 640 | रुपये 1408038/- (रु. चौदह लाख आठ हजार अड़तीस मात्र) | 04-12-2025 | 19-05-2026 |

ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि फीनिक्स उपर्युक्त अचल संपत्ति पर वैध कब्जे में है और सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के तहत, ऋणकर्ता/गारंटर/गिरवीदार या कोई भी व्यक्ति, इस सूचना की प्राप्ति के बाद फीनिक्स की पूर्व लिखित सहमति के बिना अचल संपत्ति को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित/हस्तांतरित नहीं करेगा और अचल संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन फीनिक्स द्वारा उपर्युक्त राशि के साथ-साथ संविदात्मक दर पर भविष्य के ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि के प्रभार के अधीन होगा. ऋणकर्ताओं/गारंटरों/गिरवीदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो उपर्युक्त अचल संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं संपत्ति.

स्थान: भोपाल, दिनांक 22-5-2026 — हस्ता. अधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)

**फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जाना जाता था)**

सीआईएन क्रमांक-U67190MH2007PLC168303 वेबसाइट: www.phoenixarc.co.in पंजीकृत कार्यालय: तीसरी मंजिल, वॉलेस टावर्स, 139/140/B/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे का चौराहा, विले पार्ले ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र, 400057. दूरभाष: +91 02268492450.



विज्ञापन संख्या. 52/2026

## भारत सरकार

लोक उद्यम चयन बोर्ड नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनआरडीसी) में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है. आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 जून, 2026 (15.00 बजे तक) है. जानकारी के लिए वेबसाइट https://pesb.gov.in में लॉग इन करें.

सीबीसी36206/11/0003 का11/0003/2027


# समय सीमा में पूरा करें निर्माण कार्य : सबनानी



**भोपाल, 21 मई.** भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी ने गुरुवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा अंतर्गत बाणगंगा क्षेत्र में गुरुवार को 17 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक सभागृह एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को तीव्र गति के साथ किया जा रहा है. विधायक ने निर्माण कार्य को समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए.

विधायक सबनानी ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गली मोहल्लों में विकास के कार्य किया जा रहे हैं, समय-समय पर समीक्षा की जाती है और नए निर्माण की रूपरेखा भी बनाई जाती है, आज हम सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन कर रहे हैं. कार्य के हो जाने पर सभी लोगों को इसकी सुविधा मिलेगी. क्षेत्र के लोगों को अपने सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम करने के लिए जगह उपलब्ध हो जाएगी.

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पारस नरवरिया दिनेश पांडे, संतोष सिमोदिया, अनिल राठौर, विनोद माझी हंसराज दावरे, धर्मेंद्र शाह दिनेश दुवे नीरज सक्सेना भेरूलाल बघेल, संतोष रैकवार सोनू दावरे गिरजा शर्मा रेणुका पांडा संदीप तोमर राजकुमार रजक उपस्थित थे.


## छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति, भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)

रा.व.अनु.एवं प्रशि. सं. परिसर, विधान सभा के पास, बलौदा बाजार रोड जीरो पाइंट, रायपुर, छ.ग. 493111, दूरभाष: 0771-2283249
वेबसाइट : www.cgcert.com
ई-मेल: cgcert@gmail.com

पत्र कमांक/सीजीसर्ट/164/04 — रायपुर, दिनांक 21/05/2026

**निरीक्षण, मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण परियोजनाओं के कार्य संपादन अंतर्गत इम्पैनलमेंट के संबंध में विज्ञापन सूचना**

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) एक जैविक प्रमाणीकरण संस्था है, जो राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एन.पी.ओ.पी) अंतर्गत राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड, (एन.ए.बी) नई दिल्ली से प्रत्यायित है. सीजीसर्ट रायपुर संस्था में निरीक्षण, मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण परियोजना कार्यों के कुशल संचालन हेतु इम्पैनलमेंट आधार पर अनुबंध आधारित प्रमाणीकरण परियोजनाओं के उपलब्धता आवश्यकतानुसार कार्यों के संपादन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है. इच्छुक योग्य अभ्यर्थी संस्था की वेबसाइट www.cgcert.com का अवलोकन कर दिशा-निर्देश अनुसार निर्धारित प्रपत्र में ई-मेल cgcert@gmail.com के माध्यम से दिनांक 30 .5 .2026 तक आवेदन कर सकते हैं.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
47897/3 छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) रायपुर, छत्तीसगढ़


# विद्यार्थियों को मिलेगा रोजगार का मौका

**भोपाल, 21 मई.** प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए करियर की राह अब और भी आसान होने वाली है. उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 'स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना' के तहत प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है.

इसके तहत राज्य के सरकारी कॉलेजों में नामी संस्थाओं के साथ एमओयू किया गया है, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में मिलेगा. उच्च शिक्षा विभाग ने पांच प्रमुख संस्थाओं यूएन वीमन, एनआईआईटी फाउंडेशन, एडूनेट फाउंडेशन, एसजीबीएएस उन्नति फाउंडेशन, बेंगलुरु, राज्य आनंद संस्थान, मध्य प्रदेश के साथ हाथ मिलाया है, जो कॉलेजों में करियर और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां संचालित करेंगी.

**विद्यार्थियों को मिलेंगे ये लाभ-** बता दें समझौता केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर विद्यार्थियों को लाभ मिले. इसके लिये संस्थाओं द्वारा स्किल डेवलपमेंट, व्यक्तित्व विकास, प्लेसमेंट की तैयारी, मानवीय मूल्यों का विकास, फैकल्टी ट्रेनिंग जैसे कई गतिविधियां आयोजित की जायेंगी. जिससे विद्यार्थियों के कौशल को निखारा जाएगा ताकि वे रोजगार के लिए तैयार हो सकें.वहीं छात्रों के आत्मविश्वास और संवाद कौशल को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा.साथ ही कॉलेजों में 'प्लेसमेंट ड्राइव' का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्रों को बेहतरीन नौकरी के अवसर मिलेंगे.



### विधायक विष्णु खत्री ने वितरित किए चश्मे

**बैरसिया,** राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन एवं द नज इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में संचालित इंसाइट कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री ने सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में 423 चश्मों का वितरण किया. संस्था के प्रमुख आदित्य कुशवाह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निकट दृष्टि संबंधी समस्या से प्रभावित लोगों को घर घर जाकर चिन्हित कर उन्हें नि:शुल्क चश्मे उपलब्ध कराना है. बैरसिया ब्लॉक में कुल 7260 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 5871 हितग्राहियों को चश्मों का वितरण किया जाना है.

कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. पुष्पा गुरू, जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुवेर सिह गुर्जर आदि उपस्थित रहे.


## पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/09/2026)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 80265005 | डिसॉल्वड एसिटिलीन गैस | 14400 cum | 09/06/2026 |
| 2 | 80261157A | सप्लाई ऑफ कंप्रेस्ड नेचुरल गैस | 33333 किग्रा | 10/06/2026 |
| 3 | 30262435 | लोअर स्प्रिंग बीम अरेंजमेंट फॉर 13 टन बोगीज | 509 नंबर्स | 16/06/2026 |
| 4 | 40251836B | पोर्सिलेन स्टे आर्म इंसुलेटर | 2467 नंबर्स | 17/06/2026 |
| 5 | 8125WCRT P-22 | मैन्युफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ मेटल लाइनर टु आरडीएसओ Drg- No- RT-8748 फॉर 60 kg (UIC)/60 E1 रेल्स विथ लेटेस्ट अल्टेरेशन्स -1 फॉर यूज विथ wider PSC स्लीपर | 11500000 नंबर्स | 18/06/2026 |
| 6 | 40251835B | पोर्सिलेन ब्रैकेट इंसुलेटर | 2323 नंबर्स | 29/06/2026 |
| 7 | 30261856 | AAR 'H' टाइप लॉक कॉपलेर विथ ट्रांजीशन स्क्रू कपलिंग | 56 सेट | 30/06/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

हस्ता.
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL

**Water Work Department**

Municipal Corporation, 4th Floor, Head Office, Tulsi Nagar, Bhopal, Office Telephone No.0755-2701669

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online Tenders are being invited for the following work from the appropriated firm that Registered in the Office of Madhya Pradesh (Central Registration Cell). The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Date in the Notice published on the above website and detailed information can also be seen on website http://mptenders.gov.in

Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | Tender Call | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | First Call | 2026_UAD_509315_1 | Construction of 1 Lakh Littre Capacity Sump Pump Tank with Fittings at Fortune Pride Colony Under Ward No.51, Zone 06. Bhopal | 12,14,953.00 | 9,112.00 | 20.05.2026 06:35 PM |

T.N. 205/026/027

Executive Engineer
Water Works Department
Municipal Corporation, Bhopal



## कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)
## Municipal Corporation Chhindwara

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ईमेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाइट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/958/लोनिवि/नपानि/2026-27 — छिंदवाड़ा दिनांक 20/5/2026

**// द्वितीय निविदा सूचना//**

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https//www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_484011_2 Date - 21/05/2026 | वार्ड क्रं. 25 में माता मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 1- 1781302 2- 5 माह | 1- 2000 2- 13400 | 05/06/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
छिंदवाड़ा